पत्रांक–1 / गा02–04 / 2025......957......

बिहार सरकार

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

## अल्पकालीन सूचना
## वाहन की नीलामी

पटना, दिनांक ....26/05..../ 2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के स्वामित्व की एक वाहन, जो जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय, देशरत्न मार्ग रोड–1, पटना में रखा गया है तथा जिनका विवरण नीचे अंकित है, 'जहाँ है, जैसी हालत में है', के आधार पर खुले डाक द्वारा नीलामी, नीलामी समिति की देखरेख में, दिनांक 14.06.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में संयुक्त सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

प्रस्तावित नीलामी हेतु वाहन का निरीक्षण आवश्यकतानुसार कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना में संयुक्त सचिव से सम्पर्क स्थापित कर कार्यालय अवधि में कार्य दिवस में किया जा सकेगा।

**वाहन का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र. | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | क्रय वर्ष | सुरक्षित जमा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | BR-01PG-1406 | स्कॉर्पियों (मोटर कार) | 2015 | ₹ 3,50,000 / – |

**नीलामी की शर्तें:–**

1. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति को वाहन के लिए ₹ 10,000 / – (दस हजार रुपये) की प्रतिभूति (SECURITY) की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में बिहार सरकार के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति को पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार संख्या, ड्राईविंग लाईसेंस में से किसी एक की अभिप्रमाणित प्रति देनी होगी।
3. नीलामी के समय परिचय पत्र / पहचान पत्र / पैन कार्ड एवं जमा राशि की रसीद के आधार पर नीलामी में भाग लेने दिया जाएगा एवं नीलामी के दिन मूल रूप में लाना होगा।
4. वैसे व्यक्ति जो नीलामी में असफल रहते हैं, को प्रतिभूति की राशि का ड्राफ्ट नीलामी के पश्चात् वापस कर दिया जायेगा। वैसे व्यक्ति जिन्हें उच्चतम डाक के फलस्वरूप नीलामी में वाहन दिया जाना होगा, उनकी प्रतिभूति की राशि अंतिम निष्पादन तक रखी जाएगी।
5. सरकार द्वारा नीलामी के अनुमोदन के पश्चात् अधिकतम डाक बोलनेवाले व्यक्ति द्वारा तीन दिनों के अंदर नीलामी की सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा कर वाहन ले जाना होगा। ऐसा नहीं किये जाने की स्थिति में प्रतिभूति की राशि स्वतः जब्त हो जाएगी।
6. सरकार के पास बिना कारण बताये डाक को अस्वीकृत अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. नीलामी की शर्तें विभागीय वेबसाईट State.bihar.gov.in/yac तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वेबसाईट prdbihar.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

ह0 / –

(रूबी)

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक ......957...... /                पटना, दिनांक ....26/05..../ 2025

प्रतिलिपिः– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना / आई0टी0 मैनेजर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

27/5/25

सरकार के संयुक्त सचिव।